www.prepp.in

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## सी ई एन आर पी एफ - ०२/२०२४ - CEN RPF - 02/2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 06/03/2025 |
| Centre Name | |
| Exam Time | 12:30 PM - 2:00 PM |

* Note
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Arithmetic**

**Q.1** उस आयताकार बगीचे का परिमाप ज्ञात कीजिए, जिसकी चौड़ाई उसकी लंबाई की दो-तिहाई है तथा क्षेत्रफल 486 $m^2$ है।

**Ans**
- ✔ 1. 90 m
- ✘ 2. 75 m
- ✘ 3. 80 m
- ✘ 4. 65 m

**Q.2** यदि एक घनाभ का परिमाप 96 m है, जिसकी लंबाई 12 m और ऊंचाई 7 m है, तो घनाभ का आयतन ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ 1. 420 $m^3$
- ✘ 2. 415 $m^3$
- ✘ 3. 430 $m^3$
- ✘ 4. 440 $m^3$

**Q.3** रमेश ने जब अपनी यात्रा शुरू की तो उसके लगेज बैग का वजन शुरुआत में 15 kg था। उसके प्रस्थान के समय तक उसके बैग का वजन बढ़कर 18 kg हो गया था। लगेज बैग के वजन में प्रतिशत वृद्धि की गणना करें।

**Ans**
- ✔ 1. 20%
- ✘ 2. 120%
- ✘ 3. 60%
- ✘ 4. 90%

**Q.4** पाइप P किसी टैंक का 4/9 भाग 28 घंटे में भर सकता है और पाइप Q उसी टैंक का 3/5 भाग 27 घंटे में भर सकता है। P और Q दोनों पाइपों को 3 घंटे के लिए खुला रखा जाता है, फिर दोनों को बंद कर दिया जाता है। फिर केवल पाइप R को खोल दिया जाता है और यह टैंक को 8 घंटे में खाली कर देता है। पाइप P, Q और R को एक साथ खोल दिए जाने पर, वही खाली टैंक कितने समय में भर जाएगा?

**Ans**
- ✘ 1. 57 घंटे
- ✔ 2. 42 घंटे
- ✘ 3. 51 घंटे
- ✘ 4. 40 घंटे

**Q.5** एक खुदरा विक्रेता ₹175 में एक इलेक्ट्रॉनिक वस्तु खरीदता है। उसका ऊपरी खर्च ₹15 है। वह इलेक्ट्रॉनिक वस्तु को ₹380 में बेचता है और x% लाभ कमाता है। x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ 1. 100
- ✘ 2. 90
- ✘ 3. 80
- ✘ 4. 120

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.6** एक संख्या में 40 % की वृद्धि करने पर 3570 प्राप्त होता है। वह संख्या ________है।

**Ans**
✗ 1. 7650
✓ 2. 2550
✗ 3. 1275
✗ 4. 5100

**Q.7** यदि 4, 31, 92, और y समानुपात में हैं, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 715
✗ 2. 722
✓ 3. 713
✗ 4. 718

**Q.8** पाँच संख्याओं का योग 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 75 है और तीसरी संख्या 121 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए?

**Ans**
✗ 1. 196
✗ 2. 197
✓ 3. 192
✗ 4. 193

**Q.9** प्रथम 134 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 134.5
✓ 2. 135
✗ 3. 135.5
✗ 4. 136

**Q.10** एक व्यक्ति एक यात्रा 11 घंटे में पूरी कर सकता है। वह यात्रा का पहला एक-तिहाई भाग 36 km/h की चाल से और शेष दूरी 60 km/h की चाल से तय करता है। उसकी यात्रा की कुल दूरी (km में) कितनी है?

**Ans**
✗ 1. 535 km
✗ 2. 539 km
✓ 3. 540 km
✗ 4. 534 km

**Q.11** एक पाइप एक टंकी को 9 घंटे में भर सकता है। दूसरा पाइप भरी हुई टंकी को 36 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टंकी का दो-तिहाई भाग भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?

**Ans**
✗ 1. 16
✓ 2. 8
✗ 3. 32
✗ 4. 24

**Q.12** $6 \times \frac{1}{7} \div \frac{3}{7} + \left(\frac{45}{24} - \frac{2}{3} + \frac{7}{6} \times \frac{2}{7}\right)$

**Ans**
✗ 1. $\frac{85}{84}$
✗ 2. $\frac{25}{84}$
✗ 3. $\frac{25}{24}$
✓ 4. $\frac{85}{24}$

Q.13 $\frac{0.4 \times 0.4 + 0.04 \times 0.04 - 0.8 \times 0.04}{0.72}$ व्यंजक का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 0.18
✗ 2. 0.118
✗ 3. 0.72
✗ 4. 0.018

Q.14 10% वार्षिक साधारण ब्याज पर निवेश करने पर, एक राशि 2 वर्ष बाद ₹2640 हो जाती है। समान राशि पर समान ब्याज दर से 2 वर्ष का साधारण ब्याज (₹ में) कितना होगा?

Ans
✗ 1. 880
✗ 2. 220
✔ 3. 440
✗ 4. 1760

Q.15 एक दुकानदार एक मोबाइल फोन के अंकित मूल्य पर 25% की छूट देता है। यदि छूट देने के बाद भी दुकानदार 10% का लाभ कमाता है, और फोन का क्रय मूल्य ₹12,000 है, तो फोन का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹20,000
✔ 2. ₹17,600
✗ 3. ₹18,000
✗ 4. ₹18,600

Q.16 एक शहर की जनसंख्या 10,000 है और जनसंख्या प्रति वर्ष 10% की दर से बढ़ रही है। 3 वर्षों में जनसंख्या कितनी हो जाएगी?

Ans
✗ 1. 1,331
✗ 2. 13,000
✗ 3. 3,310
✔ 4. 13,310

Q.17 पाँच संख्याओं का योगफल 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 78 है और तीसरी संख्या 117 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 191
✗ 2. 196
✗ 3. 195
✗ 4. 192

Q.18 एक रेफ्रिजरेटर का अंकित मूल्य ₹47,500 है। ऑफ सीजन के दौरान, इसे ₹41,800 में बेचा जाता है। छूट प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 9%
✗ 2. 10.5%
✔ 3. 12%
✗ 4. 11%

Q.19 एक व्यापारी ₹2,000 में एक गैजेट खरीदता है और उसे 25% के लाभ पर बेचता है। फिर वह ₹2,400 में दूसरा गैजेट खरीदता है और उसे 10% की हानि पर बेचता है। दोनों सौदों से कुल लाभ या हानि (₹ में) कितनी है?

Ans
✗ 1. हानि, 260
✗ 2. हानि, 200
✔ 3. लाभ, 260
✗ 4. लाभ, 180

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.20 5 अंकों की वह सबसे बड़ी संख्या कौन-सी है, जो 999 से पूर्णत: विभाज्य है?

Ans
- ✗ 1. 99,909
- ✗ 2. 99,990
- ✗ 3. 99,090
- ✓ 4. 99,900

Q.21 शगुन ने ₹30,000, अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले वाली 40% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर निवेश किए। यदि उसे 24 महीनों के बाद ₹4x प्राप्त हुए, तो 1.5x का मान (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 15,552
- ✓ 2. 23,328
- ✗ 3. 62,208
- ✗ 4. 40,250

Q.22 हल कीजिए: 41 - [21 - {11 - (15 - 5 ÷ 2 × 2)}]

Ans
- ✗ 1. 18
- ✗ 2. 16
- ✓ 3. 21
- ✗ 4. 23

Q.23 एक खाली भंडारण टैंक में 58 लीटर पेट्रोल डालने के बाद भी यह 10% खाली रह गया था। भंडारण टैंक को भरने के लिए उसमें कितना पेट्रोल (लीटर में, दो दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) डालना होगा?

Ans
- ✗ 1. 59
- ✓ 2. 64.44
- ✗ 3. 63.44
- ✗ 4. 65.44

Q.24 वह सबसे बड़ी संख्या कौन-सी है जिससे 718, 1085 और 1179 को विभाजित करने पर क्रमशः 5, 4 और 6 शेषफल प्राप्त होते हैं?

Ans
- ✗ 1. 25
- ✓ 2. 23
- ✗ 3. 17
- ✗ 4. 19

Q.25 84, 126 और 210 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 630
- ✗ 2. 210
- ✗ 3. 420
- ✓ 4. 1260

Q.26 रेलगाड़ी A, स्टेशन M से 7:40 AM पर निकलती है और उसी दिन स्टेशन N पर 2:40 PM पर पहुँचती है। रेलगाड़ी B, स्टेशन N से 9:40 AM पर निकलती है और उसी दिन स्टेशन M पर 2:40 PM पर पहुँचती है। रेलगाड़ी A और B के मिलने का समय ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 11:23 PM
- ✓ 2. 11:45 AM
- ✗ 3. 5:12 PM
- ✗ 4. 10:29 PM

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.27 $\left(\frac{1}{6}\right)^{-3} + \left(\frac{1}{2}\right)^{-3} + \left(\frac{1}{3}\right)^{-3}$ का मान ज्ञात करें।

Ans
1. 254
2. 244
3. 251 ✓
4. 252

Q.28 अलका किसी कार्य को 18 दिनों में पूरा कर सकती है। यदि शैलजा, अलका से 20% अधिक कुशल है, तो दोनों मिलकर कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?

Ans
1. 8
2. 7
3. $8\frac{2}{11}$ ✓
4. $7\frac{2}{11}$

Q.29 एक उबर ऑटो 59 घंटे में 649 km की दूरी तय करता है। इसकी चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 20
2. 11 ✓
3. 16
4. 12

Q.30 10 संख्याओं का योगफल 408 है। उनका औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 39.8
2. 40.8 ✓
3. 41.8
4. 38.8

Q.31 24 cm व्यास वाले एक गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 839π $cm^2$
2. 841π $cm^2$
3. 1161π $cm^2$
4. 576π $cm^2$ ✓

Q.32 एक परिवार के 10 सदस्यों की औसत आयु 34 वर्ष है। यदि सबसे छोटा सदस्य 7 वर्ष का है, तो सबसे छोटे सदस्य के जन्म से ठीक पहले परिवार के सदस्यों की औसत आयु (वर्ष में) कितनी थी?

Ans
1. 31
2. 28
3. 32
4. 30 ✓

Q.33 A और B के बीच की दूरी 1409 km है। विशाल A से B तक 71 km/h की चाल से जाता है और 39 km/h की चाल से A पर वापस आता है। विशाल की औसत चाल ज्ञात कीजिए। (दशमलव के दो स्थान तक पूर्णांकित)

Ans
1. 50.73 km/h
2. 44.05 km/h
3. 50.35 km/h ✓
4. 40.32 km/h

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.34 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए:

$\sqrt{256} + \sqrt{0.0121} - \sqrt{4.41} =$

Ans
1. 2.57
2. 6.12
3. 14.01 ✔
4. 4.21

Q.35 ललित और मनोज ने क्रमशः ₹10,000 और ₹18,000 का निवेश करके साझेदारी में एक व्यवसाय शुरू किया। आठ महीने बाद, नितिन ₹24,000 का निवेश करके उनके साथ शामिल हो गया। व्यवसाय के प्रारंभ से 2 वर्ष के अंत में, अर्जित कुल लाभ ₹22,000 में नितिन और मनोज का कुल हिस्सा कितना होगा?

Ans
1. ₹17,000 ✔
2. ₹12,000
3. ₹14,000
4. ₹19,000

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.36 सभी 29 व्यक्ति, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। पीटर दाएं छोर से 11वें स्थान पर है जबकि रॉबिन बाएं छोर से 9वें स्थान पर है। पीटर और रॉबिन के बीच कितने व्यक्ति हैं?

Ans
1. 9 ✔
2. 7
3. 8
4. 10

Q.37 एक निश्चित कूट भाषा में,
A # B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'
A % B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A – B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'

उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'C @ O % M – P # K' है तो C का K से क्या संबंध है?

Ans
1. पत्नी का पिता
2. पत्नी का भाई
3. पुत्र की पत्नी का पिता ✔
4. पुत्र की पत्नी का भाई

Q.38 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

31, 34, 40, 49, 61, ?

Ans
1. 78
2. 74
3. 76 ✔
4. 72

Q.39 मिस्टर E, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हैं और पश्चिम की ओर 2 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 8 km ड्राइव करते हैं, फिर वह दाएं मुड़ते हैं और 3 km ड्राइव करते हैं। वह फिर से दाएं मुड़ते हैं और 9 km ड्राइव करते हैं, फिर दाएं मुड़ते हैं और 7 km ड्राइव करते हैं। वह अंत में दाएं मुड़ते हैं, 1 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर पुनः पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
1. 8 km पूर्व की ओर
2. 3 km दक्षिण की ओर
3. 2 km पश्चिम की ओर ✔
4. 9 km उत्तर की ओर

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.40 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(2, 3, 13)
(7, 8, 113)

Ans
1. (5, 9, 106) ✔
2. (3, 5, 37) ✘
3. (11, 4, 155) ✘
4. (8, 5, 75) ✘

Q.41 यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 568 329 746 183 275 (दाएं)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट - सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

यदि दूसरी सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को दूसरी सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
1. 12 ✘
2. 10 ✘
3. 13 ✔
4. 14 ✘

Q.42 ध्रुव बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पूर्व की ओर 6 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 21 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है, 5 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
1. 11 km, पश्चिम की ओर ✘
2. 10 km, उत्तर की ओर ✘
3. 10 km, पूर्व की ओर ✔
4. 9 km, पश्चिम की ओर ✘

Q.43 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एकल अंक वाली संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएं) 3 2 4 9 1 8 7 6 3 2 1 5 6 4 7 8 3 9 4 6 5 7 4 1 5 7 2 (दाएं)

ऐसे कितने सम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग और ठीक बाद एक विषम अंक है?
(नोट: 1 भी एक पूर्ण वर्ग है।)

Ans
1. एक ✘
2. तीन से अधिक ✘
3. दो ✔
4. तीन ✘

Q.44 K, I, T, S, W, A और N एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। N, A के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है और N, W के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। N और I के बीच में केवल K बैठा है। W और S के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। T के ठीक दाएं पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
1. N ✘
2. W ✔
3. I ✘
4. A ✘

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.45 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी इंजन, चाबियाँ हैं।
कुछ चाबियाँ, ट्रेन हैं।

निष्कर्ष:
(I) : कुछ चाबियाँ, इंजन हैं।
(II) : कुछ ट्रेन, इंजन हैं।

Ans
✔ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✘ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✘ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✘ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.46 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

16 23 38 69 132 ?

Ans
✘ 1. 261
✘ 2. 260
✔ 3. 259
✘ 4. 258

Q.47 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी ट्रे, कालीन हैं।
कोई कालीन, बिन नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) : कोई ट्रे, बिन नहीं है।
(II) : कुछ बिन, कालीन हैं।

Ans
✘ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✘ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✔ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✘ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.48 यदि '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए और '−' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या मान आएगा?

15 × 2 − 48 + 4 ÷ 5 = ?

Ans
✔ 1. −4
✘ 2. 4
✘ 3. 8
✘ 4. −9

Q.49 एक निश्चित कूट भाषा में, 'snakes has venom' को 'vu mu wu' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'I hate snakes' को 'au vu uu' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'snakes' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

Ans
✘ 1. mu
✘ 2. uu
✘ 3. wu
✔ 4. vu

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.50 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ नाव, कंटेनर हैं।
सभी जहाज, कंटेनर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ नाव, जहाज हैं।
(II) सभी कंटेनर, जहाज हैं।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✓ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ 4. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.51 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर RKQA एक निश्चित तरीके से SMTE से संबंधित है। उसी तरह, WLNU का संबंध XNQY से है। समान तर्क का पालन करते हुए, दिए गए विकल्पों में से XHPB किससे संबंधित है?

Ans
✓ 1. YJSF
✗ 2. YKTF
✗ 3. YKSE
✗ 4. YISF

Q.52 यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
98 × 14 + 6 ÷ 36 – 8 = ?

Ans
✗ 1. 287
✓ 2. 289
✗ 3. 288
✗ 4. 290

Q.53 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं और गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है)।

(बाएं) 6 7 6 5 2 2 7 3 1 2 8 8 1 2 7 6 8 9 7 1 4 8 2 (दाएं)

ऐसे कितने सम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद में भी एक सम अंक है?

Ans
✗ 1. तीन
✗ 2. एक
✓ 3. दो
✗ 4. एक भी नहीं


Q.54 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

1, 4, 5, 22, 113, 2490, ?


Ans
✗ 1. 281370
✗ 2. 281380
✗ 3. 2817385
✓ 4. 281375


www.prepp.in


**Q.55** विकल्पों में दी गई उस आकृति को पहचानिए, जिसे '?' के स्थान पर रखने पर तार्किक रूप से श्रृंखला पूरी हो जाएगी।




**Ans**

✗ 1. 

✗ 2. 

✗ 3. 

✓ 4. 

**Q.56** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

RDL TFO VHR XJU ?

**Ans**

✗ 1. ALY

✗ 2. ALX

✗ 3. ZLY

✓ 4. ZLX

**Q.57** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूहों में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**

✓ 1. UPY

✗ 2. PKS

✗ 3. SNV

✗ 4. LGO

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.58 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A − B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
और A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'D + F − G × E ÷ H' है, तो D का E से क्या संबंध है?

Ans
✔ 1. पत्नी की माता
✘ 2. पत्नी का भाई
✘ 3. भाई की पत्नी
✘ 4. माता

Q.59 दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकता है।

EDC JIH ONM TSR ?

Ans
✘ 1. WXY
✘ 2. YWX
✔ 3. YXW
✘ 4. WYX

Q.60 सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। B के दाईं ओर केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। E के बाईं ओर केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। F, D के दाईं ओर लेकिन B के बाईं ओर बैठा है। C, G के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। A के बाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?


Ans
✘ 1. तीन
✔ 2. पाँच
✘ 3. चार
✘ 4. दो

Prepp Your Personal Exam Guide


www.prepp.in


Prepp
Your Personal Exams Guide


Q.61 विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए, जिसे प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर रखने पर यह शृंखला तर्कसंगत रूप से पूरी हो जाएगी।





Ans

✗ 1. 

✗ 2. 

✓ 3. 

✗ 4. 

Q.62 यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '÷' और '×' को आपस में बदल दिया जाए तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

15 ÷ 8 – 16 × 4 + 9 = ?

Ans
✓ 1. 115
✗ 2. 110
✗ 3. 120
✗ 4. 105

Q.63 T, A, B, L, E और S में से प्रत्येक एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपरी तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। T तल क्रमांक 4 पर रहता है। T और L के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। T और A के बीच केवल B रहता है। E, T के ठीक नीचे रहता है। तल क्रमांक 2 पर कौन रहता है?

Ans
✗ 1. L
✗ 2. B
✗ 3. T
✓ 4. S

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.64 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता हो। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

LBV : OEY
GMR : JPU

Ans
1. LCD : OZG
2. SOG : VRJ ✔
3. ODL : RGI
4. RHS : UKW

Q.65 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, WOKY एक निश्चित तरीके से KEYO से संबंधित है। उसी प्रकार, AAOK, OQCA से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, QWEG दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. MESW
2. MEWS
3. EMWS
4. EMSW ✔

Q.66 एक निश्चित कूट भाषा में, 'GROW' को '2571' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'WORK' को '5742' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'K' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 7
2. 5
3. 2
4. 4 ✔

Q.67 दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकता है।

QSD YAL GIT OQB ?

Ans
1. YTH
2. WJY
3. WYJ ✔
4. YHT

Q.68 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक-समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, अक्षर समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. QT - SV
2. TW - VY
3. EH - GJ
4. IT - PR ✔

Q.69 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'all eyes on' को 'yu re dc' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'two eyes only' को 'dc fr fe' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'eyes' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

Ans
1. re
2. dc ✔
3. yu
4. sw

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.70 सात व्यक्ति, L, M, N, O, P, Q और R उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। L के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। L और P के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। M, L के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। M और Q के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। R, O के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन N के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। R के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. दो
✓ 2. तीन
✗ 3. एक
✗ 4. चार

Section : **General Awareness**

Q.71 अनुसूचित क्षेत्रों और जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन का प्रावधान निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अंतर्गत उल्लिखित है?

Ans
✗ 1. अनुच्छेद 242
✓ 2. अनुच्छेद 244
✗ 3. अनुच्छेद 246
✗ 4. अनुच्छेद 248

Q.72 2011 की जनगणना में, भारत में बाल जनसंख्या (0-6 वर्ष), कुल जनसंख्या की लगभग कितने प्रतिशत थी?

Ans
✓ 1. 13.1%
✗ 2. 16.1%
✗ 3. 12.1%
✗ 4. 17.1%

Q.73 भारतीय संविधान के राज्य नीति के किस निदेशक सिद्धांत को प्राप्त करने के उद्देश्य से जमींदारी प्रथा का उन्मूलन किया गया है?

Ans
✓ 1. आर्थिक और सामाजिक न्याय
✗ 2. पर्यावरण संरक्षण
✗ 3. अंतर्राष्ट्रीय शांति
✗ 4. शिक्षा को बढ़ावा देना

Q.74 निम्न में से अकबर नामा (Akbar Nama) किसने लिखा था?

Ans
✗ 1. बाबर
✓ 2. अबुल फजल
✗ 3. बरनी
✗ 4. बीरबल

Q.75 पंचवर्षीय योजना की अवधारणा किस देश से प्रेरित थी?

Ans
✗ 1. फ्रांस
✓ 2. सोवियत संघ
✗ 3. यूनाइटेड किंगडम
✗ 4. संयुक्त राज्य अमेरिका

Q.76 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'ऑफशोरिंग' की अवधारणा का सबसे सटीक वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. लाभ बढ़ाने के लिए कंपनी में दिए जाने वाले वेतन में कमी करना
✗ 2. अल्पकालिक परियोजनाओं के लिए अस्थायी श्रमिकों को काम पर रखना
✓ 3. व्यय कम करने के लिए कंपनी के कुछ कार्यों या सेवाओं को विदेश में स्थानांतरित करना
✗ 4. व्यवसाय संचालन को उसी देश के भीतर किसी अन्य क्षेत्र में स्थानांतरित करना

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.77 दिसंबर 2024 में, सेबी (SEBI) ने भारत में एस.एम.ई-आई.पी.ओ. (SME IPO) संरचना को प्रबल करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-से उपाय की घोषणा की?

Ans
1. प्रमोटर्स ऑफर फॉर सेल (OFS) अब इश्यू साइज के 30% तक सीमित है।
2. प्रमोटर्स को आई.पी.ओ. (IPO) में अपनी होल्डिंग का 50% से अधिक बेचने से प्रतिबंधित किया गया है। ✔
3. सेबी ने एस.एम.ई-आई.पी.ओ. (SME IPO) में न्यूनतम शेयरधारक संख्या की आवश्यकता को समाप्त कर दिया है।
4. प्रमोटर्स को आई.पी.ओ. (IPO) में अपनी होल्डिंग का 85% से अधिक बेचने से प्रतिबंधित किया गया है।

Q.78 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत का जनसंख्या घनत्व कितना है?

Ans
1. 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर ✔
2. 325 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
3. 350 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
4. 420 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

Q.79 उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षकों तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के शिक्षकों सहित कितने शिक्षकों का राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 के लिए चयन किया गया?

Ans
1. 50
2. 65
3. 82 ✔
4. 106

Q.80 अमेरिका के कोलोराडो में आयोजित अंडर-19 विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2024 में 19 मुक्केबाजों की भारतीय टीम ने कुल कितने पदक जीते?

Ans
1. 10
2. 19
3. 12
4. 17 ✔

Q.81 निम्नलिखित में से किस द्वीप समूह का भू-क्षेत्रफल सबसे कम है?

Ans
1. निकोबार द्वीपसमूह
2. लक्षद्वीप द्वीपसमूह ✔
3. रिची द्वीपसमूह
4. अंडमान द्वीपसमूह

Q.82 मात्रक 'फुट' निम्नलिखित में से किस मात्रक प्रणाली से संबंधित है?

Ans
1. सीजीएस (CGS) प्रणाली
2. एसआई (SI) प्रणाली
3. एमकेएस (MKS) प्रणाली
4. एफपीएस (FPS) प्रणाली ✔

Q.83 भारत में खरीफ ऋतु में उगाई जाने वाली फसलों के समूह की पहचान करें?

Ans
1. उड़द और कपास ✔
2. मूंगफली और जौ
3. चना और सरसों
4. जूट और गेहूं

Q.84 भारतीय कृषि पर ब्रिटिश भू-राजस्व प्रणाली का क्या प्रभाव पड़ा?

Ans
1. खेती में तकनीकी प्रगति को प्रोत्साहित किया गया
2. किसानों पर करों का बोझ कम हुआ
3. सिंचाई प्रणाली में सुधार हुआ
4. किसानों का शोषण करने वाले जमींदारों का एक वर्ग बन गया ✔

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.85 बौद्ध साहित्यिक कृति 'महावंश' (Mahavamsa) की रचना मूल रूप से निम्नलिखित में से किस भाषा में की गई थी?

Ans
1. चीनी
2. तिब्बती
3. पाली
4. प्राकृत

Q.86 भारतीय संविधान के निदेशक सिद्धांतों की अवधारणा किस देश के संविधान से ली गई है?

Ans
1. स्पेन
2. आयरलैंड
3. फ्रांस
4. अमेरिका

Q.87 भारत के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत 2030 तक हरित हाइड्रोजन की लक्षित उत्पादन क्षमता कितनी है?

Ans
1. प्रति वर्ष 5 MMT
2. प्रति वर्ष 125 MMT
3. प्रति वर्ष 90 MMT
4. प्रति वर्ष 10 MMT

Q.88 बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने मातृभूमि के लिए एक स्तुति गीत के रूप में 'वंदे मातरम' किस कालावधि में लिखा था?

Ans
1. 1850-1860
2. 1870-1880
3. 1840-1850
4. 1890-1900

Q.89 भारत में अलाउद्दीन खान का संबंध निम्नलिखित में से किस संगीत वाद्ययंत्र से है?

Ans
1. सरोद
2. सितार
3. वीणा
4. संतूर

Q.90 उत्तरी अंडमान और दक्षिणी अंडमान द्वीपों को कौन अलग करता है?

Ans
1. पाक जलडमरूमध्य (Palk Strait)
2. दस डिग्री चैनल (Ten Degree Channel)
3. डंकन जलसंधि (Duncan Passage)
4. कोको चैनल (Coco Channel)

Q.91 एसबीआई अर्थशास्त्रियों के अनुसार, सितंबर 2024 तिमाही में भारत के लिए अनुमानित जीडीपी (GDP) वृद्धि कितनी है?

Ans
1. 6.5%
2. 6%
3. 7%
4. 7.5%

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.92 भारतीय संविधान के अनुसार, राज्य लोक सेवा आयोगों के सदस्यों का नियुक्ति प्राधिकारी किसे माना जाता है?

Ans
- ✗ 1. राष्ट्रपति
- ✓ 2. राज्यपाल
- ✗ 3. संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री
- ✗ 4. संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष

Q.93 निम्नलिखित में से किस मिशन का उद्देश्य तीन अंतरिक्ष यात्रियों के दल को तीन दिन के लिए पृथ्वी से 400 किलोमीटर ऊपर की कक्षा में भेजना है?

Ans
- ✗ 1. मिशन मंगल
- ✗ 2. भास्कर-1
- ✓ 3. गगनयान
- ✗ 4. चंद्रयान-2

Q.94 सितंबर 2024 में, अज़रबैजान ग्रैंड प्रिक्स में अपनी पहली फॉर्मूला 1 जीत निम्नलिखित में से किसने हासिल की थी?

Ans
- ✗ 1. लैंडो नोरिस (Lando Norris)
- ✗ 2. मैक्स वेरस्टैपेन (Max Verstappen)
- ✗ 3. चार्ल्स लेक्लर (Charles Leclerc)
- ✓ 4. ऑस्कर पियास्त्री (Oscar Piastri)

Q.95 बिहार में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था?

Ans
- ✗ 1. खान बहादुर खान
- ✗ 2. लक्ष्मी बाई और तात्या टोपे
- ✗ 3. मौलवी लियाक़त अली
- ✓ 4. कुंवर सिंह

Q.96 अक्टूबर 2024 में, भारत ने किस देश के साथ द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'नसीम-अल-बह्र' (Naseem-Al-Bahr) में भाग लिया?

Ans
- ✗ 1. संयुक्त अरब अमीरात
- ✗ 2. सऊदी अरब
- ✓ 3. ओमान
- ✗ 4. कतर

Q.97 यदि एक घन में 64 mL लीटर जल है, तो घन के कोर की लंबाई _____ होगी।

Ans
- ✗ 1. 4 mL
- ✗ 2. 8 m
- ✓ 3. 4 cm
- ✗ 4. 4 m

Q.98 प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (SAT) की स्थापना किस अधिनियम के तहत की गई थी?

Ans
- ✗ 1. कंपनी अधिनियम, 1956
- ✗ 2. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019
- ✓ 3. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992
- ✗ 4. बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999

Q.99 किसी संविधान संशोधन विधेयक को अधिनियम बनने के लिए किसकी स्वीकृति आवश्यक होती है?

Ans
- ✗ 1. भारत के मुख्य न्यायाधीश
- ✓ 2. भारत के राष्ट्रपति
- ✗ 3. भारत के प्रधानमंत्री
- ✗ 4. लोकसभा स्पीकर

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.100 एकता और राष्ट्रीयता की भावना को बढ़ावा देने के लिए तिलक ने 1893 में किस त्योहार की शुरुआत की थी?

Ans
1. होली का त्योहार
2. गणपति महोत्सव
3. दीवाली का त्योहार
4. शिवाजी महोत्सव

Q.101 बजट 2024 में, विशेष रूप से किस क्षेत्र के लिए ₹1.52 लाख करोड़ की बड़ी राशि का आवंटन किया गया?

Ans
1. प्रौद्योगिकी
2. कृषि
3. रियल एस्टेट
4. अवसंरचना

Q.102 भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि (Bilateral Investment Treaty - BIT) कब लागू हुई?

Ans
1. सितंबर 2024
2. फरवरी 2024
3. जनवरी 2024
4. अगस्त 2024

Q.103 1991 के सुधारों में, निजी उद्योगों पर लगे प्रतिबंधों को हटाने का वर्णन कौन-सा शब्द करता है?

Ans
1. उदारीकरण
2. औद्योगीकरण
3. वैश्वीकरण
4. निजीकरण

Q.104 कौन-सी पर्वतमाला, उत्तरी मैदानों और दक्कन के पठार के बीच प्राकृतिक सीमा के रूप कार्य करती है?

Ans
1. अरावली
2. सतपुड़ा
3. हिमालय
4. विंध्य

Q.105 स्वतंत्रता-पूर्व की संध्या पर भारत की अधिकांश जनसंख्या का प्राथमिक व्यवसाय क्या था?

Ans
1. कृषि
2. शिक्षा
3. व्यापार
4. उद्योग

Q.106 मुगल किस वंश के वंशज थे?

Ans
1. चगताई तुर्क मंगोल
2. तुर्क
3. मंगोल
4. अफगान

Q.107 सेबी (SEBI) के सुधारों के अनुसार, डेरिवेटिव बाजार में एक्सपायरी डेट पर कैलेंडर स्प्रेड लाभ को हटाना ________________ से प्रभावी होगा।

Ans
1. 1 जनवरी 2025
2. 20 दिसंबर 2024
3. 31 मार्च 2025
4. 1 फरवरी 2025

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.108** 1858 के अंत में, जब 1857 का विद्रोह विफल हो गया तो नाना साहब (Nana Sahib) भागकर किस स्थान पर चले गए?

Ans
- ✗ 1. चीन
- ✓ 2. नेपाल
- ✗ 3. बर्मा (वर्तमान म्यांमार)
- ✗ 4. भूटान

**Q.109** 2024 में, बंधन बैंक द्वारा विशेष रूप से महिलाओं के लिए आरंभ किए गए बचत खाते का नाम क्या है?

Ans
- ✗ 1. नारी
- ✓ 2. अवनि
- ✗ 3. सखी
- ✗ 4. महिला

**Q.110** एक तेज रफ्तार वाहन, ____________ के कारण सड़क के मोड़ पर फिसल सकता है।

Ans
- ✗ 1. घर्षण बल
- ✓ 2. अपकेंद्री बल
- ✗ 3. गुरुत्वाकर्षण बल
- ✗ 4. अभिकेंद्री बल

**Q.111** भारत की तीसरी पंचवर्षीय योजना की असफलता का मुख्य कारण क्या था?

Ans
- ✓ 1. 1965 का भारत-पाक युद्ध और सूखा
- ✗ 2. 1962 का भारत-चीन युद्ध
- ✗ 3. तेल संकट
- ✗ 4. वैश्विक मंदी

**Q.112** भारत में कौन-सी अदालत संपत्ति विवाद, तलाक और उपभोक्ता समस्याओं जैसे सिविल मामलों पर कार्रवाई करने के लिए जिम्मेदार है?

Ans
- ✗ 1. दंड न्यायालय
- ✗ 2. सत्र न्यायालय
- ✓ 3. दीवानी न्यायालय
- ✗ 4. राजस्व न्यायालय

**Q.113** अगस्त 2024 में सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए IIT गुवाहाटी द्वारा विकसित उन्नत मशीन लर्निंग फ्रेमवर्क का नाम क्या है?

Ans
- ✗ 1. WEKA
- ✓ 2. LEAP
- ✗ 3. GAP
- ✗ 4. SHARK

**Q.114** जयदेव द्वारा रचित पुस्तक का नाम बताइए।

Ans
- ✗ 1. गाहा सत्तसई (Gaha Sattasai)
- ✗ 2. शिशुपाल वध (Shishupala Vadha)
- ✗ 3. बृहद्देशी (Brihaddeshi)
- ✓ 4. गीत गोविंद (Gita Govinda)

**Q.115** अतिवादियों का मानना था कि आर्थिक आत्मनिर्भरता __________ के लिए आवश्यक है।

Ans
- ✓ 1. ब्रिटिश शोषण से लड़ने
- ✗ 2. कराधान में वृद्धि करने
- ✗ 3. निर्यात को बढ़ावा देने
- ✗ 4. ब्रिटिश सत्ता को सुदृढ़ करने

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.116** नवंबर 2024 में, मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 25 के लिए, किस सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में ₹10,700 करोड़ की इक्विटी इन्फ्युजन (equity infusion) की मंजूरी दी?

**Ans**

✗ 1. एंट्रिक्स कॉर्पोरेशन

✗ 2. भारतीय उर्वरक निगम

✗ 3. भारत संचार निगम लिमिटेड

✓ 4. भारतीय खाद्य निगम

**Q.117** मानव शरीर में ग्रासनली किस प्रमुख अंग प्रणाली से संबंधित है?

**Ans**

✗ 1. अंतःस्रावी तंत्र

✗ 2. श्वसन तंत्र

✓ 3. पाचन तंत्र

✗ 4. तंत्रिका तंत्र

**Q.118** भारत का प्रसिद्ध बांसुरी वादक निम्नलिखित में से कौन है?

**Ans**

✗ 1. ज़ाकिर हुसैन

✓ 2. हरि प्रसाद चौरसिया

✗ 3. के.वी. प्रसाद

✗ 4. एस.वी. राजाराव

**Q.119** अंग्रेजी रसायनज्ञ हम्फ्री डेवी (Humphry Davy) ने ____________ विधि अपनाकर अत्यधिक अभिक्रियाशील क्षार धातुओं, विशेष रूप से सोडियम और पोटैशियम की खोज की और उन्हें विलगित किया।

**Ans**

✗ 1. कार्बन के साथ अपचयन (Reduction with Carbon)

✓ 2. वैद्युतअपघटन (Electrolysis)

✗ 3. भर्जन और निस्तापन (Roasting and Calcination)

✗ 4. प्रगलन (Smelting)

**Q.120** निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत का सबसे उत्तरी राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश है?

**Ans**

✗ 1. हिमाचल प्रदेश

✗ 2. उत्तराखंड

✗ 3. पंजाब

✓ 4. जम्मू और कश्मीर

Prepp Your Personal Exam Guide